हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई, 2025

11 गोसेवा के लिए आयोजित कथा में 30 लाख से अधिक...



12 पार्क की जमीन में काफी लोगों ने उगाई सब्जियां...



**खबर संक्षेप**

## ज्यादा पैसे ट्रांसफर होने के नाम पर ठगे 45 हजार

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने रतिया में एक छात्र को अपना शिकार बनाते हुए उसके खाते में ज्यादा पैसे ट्रांसफर होने के नाम पर उससे 45 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में अग्रवाल कालोनी, रतिया निवासी अंशु गुप्ता ने कहा है कि वह बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र है। फोन करने वाले ने कहा कि वह उसके पापा का दोस्त बोल रहा है। वह उसके खाते में 5 हजार डाल रहा है जो उसने उसके पापा से उधार लिए थे। इसके थोड़ी देर बाद मोबाइल पर 50 हजार की मैसेज आया। फोन करने वाले ने कहा कि गलती से 50 हजार भेज दिए है। वह मोबाइल नंबर दे रहा है, वह 45 हजार उस नंबर पर वापस भेज दे। उसने दो ट्रांजेक्शन में 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## वीआईपी मोबाइल नंबर के नाम पर हजारों की ठगी

**फतेहाबाद।** वीआईपी मोबाइल नंबर के नाम पर रतिया के एक युवक से हजारों की ठगी होने का समाचार है। गांव खैरपुर निवासी प्रेम कुमार ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पूर्व फोन पर अनजान व्यक्ति ने कॉल किया। उसने कहा कि वह उसको वीआईपी फोन नंबर दिला सकता है। उसकी बातों में आकर उसने व्हाटसएप पर कुछ वीआईपी नंबरों की लिस्ट आई। वह इनमें से कोई नंबर चाहिए तो इसके लिए उसे पैमेंट करनी पड़ेगी। उसने स्कैनर भेजा। प्रेम सिंह ने कहा कि इसके बाद उसने उक्त स्कैनर पर 1 हजार रुपये भेज दिए। फिर उसने कहा कि वीआईपी नंबर के लिए उसे 3500 रुपये ओर भेजने पड़ेंगे। इस पर उसने 3500 रुपये ओर भेज दिए। इसके बाद जब उसने उक्त नंबर पर फोन किया तो नंबर बंद आ रहा है।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर चलाया गया विशेष अभियान

# बरसात से पहले स्वास्थ्य विभाग अलर्ट डेंगू टेस्ट के लिए 600 रुपये रेट तय

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मानसून के दौरान डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू रोग जागरूकता अभियान चलाया गया। स्थानीय नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बुध राम ने आर्यभट्ट नर्सिंग स्कूल मानावाली, नेशनल कॉलेज दरियापुर के छात्र-छात्राओं तथा सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों के माध्यम से डेंगू के प्रति जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न शहरी व ग्रामीण स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, ऑडियो माइकिंग व लैक्चर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को डेंगू के बचाव बारे जागरूक किया गया। डॉ. जयप्रकाश ने स्वास्थ्य कर्मियों व उपस्थित लोगों को बताया कि डेंगू लोगों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। स्वास्थ्य कर्मी लोगों को अपने कूलर, टंकी, गमले, टैंक, हौदी, घड़े इत्यादि ढक कर रखने के लिए जागरूक करे व हर रविवार को अच्छे से साफ करे व सूखाकर ही दोबारा पानी से भरें।



सिरसा। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### डेंगू टेस्ट के लिए 600 रुपये रेट निर्धारित

उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज ने डेंगू बुखार एडीज एजीप्टीआई मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर सामान्यतः दिन में काटता है। डेंगू का मच्छर किसी भी जल इकट्ठा करने वाले बर्तन में पैदा हो सकता है। यह स्वच्छ जल में पनपता है। यह मच्छर कूलर, टंकी, गमला, टैंक, छतों पर पड़े टायर, फ्री के पीछे लगी ट्रे, गड्डो में ठहरे पानी व नालियों में रूके पानी में पैदा हो सकता है। इनमें से कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त अपने नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में खून की जांच करवाएं। चिकित्सक की सलाह से ही दवाई खाए व स्वंय दवाई ना खाएं। सरकारी अस्पतालों में मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया की जांच व ईलाज निशुल्क उपलब्ध है। सरकार की तरफ से प्राईवेट लैब में डेंगू एलिजा टेस्ट के लिए 600 रुपये तय किये गये हैं। बुखार के रोगी को पैरासिटामोल की गोली देनी चाहिए। रोगी को पेय पदार्थ जैस दही, लस्सी, छाछ, ताजा जूस, नारियल पानी इत्यादि देने चाहिए।

**अब तक मिले डेंगू के मरीज**

| | |
|---|---|
| 2015 | 189 |
| 2016 | 38 |
| 2017 | 419 |
| 2018 | 56 |
| 2019 | 29 |
| 2020 | 35 |
| 2021 | 993 |
| 2022 | 162 |
| 2023 | 90 |
| 2024 | 129 |

**लक्षणः** आमतौर पर लक्षण मिलते हैं जैसे कि तीव्र बुखार, सिर के अगले हिस्से में तेज दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द जोकि आंखों को घुमाने से बढ़ता हैं। इसके अलावा मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, भूख कम लगना, शरीर पर खसरे जैसे दानों का निकलना व लाल चकते बनना, मिचली व उल्टी आना इत्यादि।

### डेंगू से बचाव

डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। घर के आस-पास पानी इकट्ठा ना होने दे। घर के अंदर पानी 7 दिन से अधिक किसी भी बर्तन इत्यादि में ना रखें। घरों में कूलर, टंकियों, घड़ों इत्यादि की सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य करें। मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने शरीर को पूरी तरह ढक कर रखें। जहां रूका पानी निकालना संभव ना हो वहां काला तेल अथवा टैमीफॉस दवा डालनी चाहिए। प्रत्येक रविवार को अपने घर में सुखा दिवस के रूप में मनाएं। शरीर को पूर्णतया ढककर रखें। समय-समय पर कीटनाशक का छिडकाव करें व मच्छररोधक क्रीम का प्रयोग करें।

### कार्यशाला बताया, मच्छरों को पनपने से रोकें

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर एक कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि डेंगू एक गंभीर बीमारी है, जिससे हर वर्ष अनेक लोगों की मृत्यु होती है और इसका मुख्य कारण हमारी लापरवाही है। डेंगू से बचाव का एकमात्र उपाय है कि मच्छरों से दूरी बनाए रखना एवं उन्हें पनपने से रोकना। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचने के लिए आसपास पानी को एकत्रित न होने दे, कूलर, गमले, पुराने टायर और खुले कंटेनरों में पानी को जमा न होने दे, सप्ताह में एक बार इन बर्तनों की सफाई अवश्य करें, पूरी बांह की कमीज पहनें और मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर और विद्यालय परिसर में नियमित सफाई रखें। इस अवसर पर शुभकरण शर्मा, प्रकाश सिंह, मनीष कुमार, भारत भूषण, रोहित, संदीप मेहरा, प्रदीप कुमार, सुखविंद्र सिंह, देशराज, सुरेंद्र, सुखदेव, सपना, मीनू रानी, भूपेंद्र सिंह और अवतार सिंह आदि मौजूद थे।

### डेंगू से बचाव के लिए एकत्रित न होने दें पानी



**सिरसा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमजन से डेंगू के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई। सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित रोग है, जो एडीज मच्छर के काटने से होता है और यह मच्छर साफ और ठहरे पानी में पनपता है। इसलिए सभी नागरिकों से अपील है कि वे अपने घरों तथा आसपास पानी को एकत्रित न होने दें। सप्ताह में कम से कम एक बार घरों की टंकियों, कूलरों, गमलों, शौचालयों में रखे बर्तनों, छतों पर पड़े टायरों, पशु-पक्षियों के पानी पीने के बर्तनों एवं अन्य जल स्रोतों को खाली कर अच्छे से साफ करें और फिर पानी भरें। उन्होंने बताया कि अपने आसपास सात दिनों से अधिक समय तक किसी भी स्थान पर पानी एकत्रित न होने दें क्योंकि मच्छर अंडे देता है जो सात दिनों में मच्छर बन जाते हैं और डेंगू फैलाते हैं। उन्होंने सलाह दी कि यदि किसी को बुखार हो तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत खून की जांच करवाएं। घरों के आसपास जलभराव वाले स्थानों में काला तेल डालें, प्रत्येक शुक्रवार को पानी के सभी स्रोतों को खाली कर उल्टा रखें व सूखने दें और ड्राई-डे के रूप में मनाएं। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद शर्मा, उप सिविल सर्जन डॉ. गौरव अरोड़ा, तथा महामारी अधिकारी डॉ. संजय कुमार, पुष्कर दत्त, धीरज कुमार, केवल कृष्ण कंबोज, अभिषेक, वरुण कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य कर्मी भी मौजूद थे।



सिरसा। नेशनल कॉलेज में डेढ़ सौ किलोवाट के बिजली संयंत्र स्थापित करते निगम अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

# कॉलेज में डेढ़ सौ किलोवाट का बिजली संयंत्र स्थापित

- पहले महाविद्यालय में 48 किलो वाट का कनेक्शन लगा था

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में बिजली निगम द्वारा उच्च क्षमता के बिजली कनेक्शन की स्थापना की गई। हिसार डिविजन की एसडीओ पूनम कंबोज, जेई नीरज कुमार की टीम ने सिरसा डिविजन के कुलदीप सोनी, सुभाष तथा पीडबल्यूडी एवं बी एंड आर से चंदन कुमार जेई एवं संदीप गोदारा के सहयोग से संयंत्र की स्थापना की गई। कॉलेज प्राचार्य हरजिंद्र सिंह ने बताया कि इससे पहले महाविद्यालय में 48 किलो वाट की क्षमता का कनेक्शन लगा हुआ था, जोकि महाविद्यालय परिसर में खपत होने वाली बिजली के लोड को वहन करने में अक्षम था। इसलिए हम महाविद्यालय बिजली कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में इस लोड को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत थे।

महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी, रजिस्टर डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि वर्तमान कनेक्शन महाविद्यालय में लगातार बढ़ रही बिजली की खपत के लोड को वहन करने में पूर्ण रूप से सक्षम रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के गैर-शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य सुनील कुमार, संदीप कुमार मौजूद रहे।

## ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी रहेगी जारीः डीसी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार की हिदायतों अनुसार ड्रोन जैसे किसी भी मानवरहित हवाई वाहन के उपयोग/उड़ान पर आगामी 25 मई तक पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश भारतीय सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), राज्य पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आमजन को हिदायत दी जाती है कि किसी भी ड्रोन/मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) की निगरानी रखें। यदि कोई ड्रोन/मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) उड़ता या उड़ाता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत जिला या पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने बताया कि यदि राज्य सरकार के किसी विभाग को सर्वेक्षण के उद्देश्य से इस अवधि के दौरान ड्रोन संचालित करने की आवश्यकता है, तो उन्हें उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने पूर्व में जारी निर्देशों में भी ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई हुई है।

CRESCENT PUBLIC SCHOOL
Crescent Public School Fatehabad — Knowledge is Power
Khairati Khera Road, Fatehabad M. 98130-75658, 94672-92050, 93509-49060
"Excellence Earned, Dreams awakened - Congratulations to Our Champions on their Radiant Success."

Class X Result 2024-25
SRISHTI GARG 1st 97%
BHUVNESH JANGU 2nd 96.8%
DHRUV 3rd 96.6%
KASHISH 96.4%, ANSH 96.2%, AVIKA 96.2%, LAKSHAY 96.2%, SAHAJPREET 96.2%, PUSHTI 96%
MINAL 95.8%, ROHAN 95.8%, BARBIE 95.6%, DHRUV 95.6%, NIVESH 95.6%, VANSHIKA 95.4%, TANMAY 95.2%
PREENA 95%, RASHI 94.4%, DIVYANSHU 94.2%, CHETAN 94%, MOLLY 94%, KANISHKA 93.6%, AARADHYA 93.2%
LAHAR 92.8%, AISHMEET 92.6%, ARMAAN 91.6%, CHETNA 91.4%, MOHINI 91.4%, DALI 91.2%, TANYA 91.2%
MISHA 90.6%, DEVANSHU 90.6%, RIDDHI 90.2%, VANISHKA 90.2%, KANISHKA 90%, NEHA 90%

CLASS X
Above 95% : 17
Above 90% : 36
Above 85% : 57
Above 80% : 82

Subject Scholars

| Subj. | Marks | No. |
|---|---|---|
| Maths | 100 | 06 |
| | 99 | 06 |
| Punjabi | 100 | 02 |
| | 99 | 13 |
| S.St. | 99 | 02 |
| | 98 | 04 |
| Science | 98 | 01 |
| | 97 | 02 |
| English | 97 | 01 |
| | 96 | 02 |
| Hindi | 96 | 04 |
| | 95 | 05 |

Class XII Result 2024-25
Above 95% : 13
Above 90% : 34
Above 80% : 75
JIGAR SINGLA 97.8% Comm. 2nd DISTT. TOPPER
LOVISH 97.4% Comm. 3rd DISTT. TOPPER
KHUSHBOO 96.8% (Comm.), JIVANSH 96.2% (Comm.)
YUG GOYAL 95.8% Commerce, VIDHI 95.8% Humanities, SMRITI 95.6% Humanities, MANSI 95.4% Commerce, DIVIJA 95.4% Humanities, PARINA 95.4% Humanities
KUNAL 95.4% Humanities, PRINCE 95.4% Humanities, MANSHA 95.2% Humanities, LAKSHITA 94.6% Humanities, HARPREET 94.4% Humanities, DIKSHA 94.4% Commerce
MEHAKPREET 94% Commerce, HARSHITA 93.6% Commerce, RAKSHITA 93.2% Humanities, HIMANSHU 93.2% Humanities, UPASANA 93% Commerce, AASHMEEN 92.8% Science
GARIMA 92.6% Humanities, ESHA 92.4% Humanities, MOKSH 92.4% Commerce, MANMEET 92% Humanities, KRISH 91.8% Science, YASH JAIN 91.2% Commerce
HARDIK 91% Science, NANCY 90.8% Commerce, SIMRAN 90.8% Commerce, LAVISH 90.8% Commerce, DAKSH 90.6% Commerce, ARSH 90.6% Science

## इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

*78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।*

### युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज'फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

### लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाजा गया था।

### वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट'के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

### अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम'का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।



कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली

# सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

### नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

### ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

### बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।



## रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

## आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

*दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह ' कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।*



### किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।

**कहां होता है:** कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

**कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल? :** कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

### हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

### अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

### आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर



**आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा':** इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

### ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

### इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'



## वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

**मुंबई।** हाल ही में 'द भूतनी'में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।



## अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

**मुंबई।** अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।

## राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!



**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी'का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने फिल्म के लिए मुहुर्त शॉट भी पूरा कर लिया था। लेकिन कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परेश रावल ने साफ कहा था कि वह इस सीक्वल से खुद को जोड़कर खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह किरदार अब उनके लिए एक बोझ जैसा हो गया है और वह सिर्फ इसलिए इस फिल्म को कर रहे थे ताकि प्रोजेक्ट अटका न रह जाए। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ सूत्रों का मानना है कि जैसे 2022 में अक्षय कुमार के फिल्म से बाहर होने के बाद उनकी वापसी हुई थी, वैसे ही परेश रावल भी आखिरी वक्त पर वापसी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।

## टीवी मसाला



## 'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

## 'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वनः वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही



लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।

'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

# इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

### बरेली की बर्फी

अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।

### तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

### दम लगा के हइशा

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।





### टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।

### जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।



### इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

# गोसेवा के लिए आयोजित कथा में 30 लाख से अधिक आया दान
## कथा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव मोहम्मदपुर रोही स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला एवं नंदीशाला में चल रही श्री धेनु मानस गो कथा का अंतिम दिन एक दिव्य और भावपूर्ण हवन-यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, बल्कि राष्ट्र शांति, गो संवर्धन, पर्यावरण शुद्धि और ग्रामोत्थान के संकल्पों से भी ओतप्रोत रहा। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और समर्पित भागीदारी ने इस यज्ञ को ऐतिहासिक बना दिया। गोभक्त स्वामी राजेंद्रानंद महाराज हरिद्वार वाले की अगुवाई में संपन्न इस हवन में श्रद्धालुओं ने पूरे संयम और श्रद्धा के साथ आहुतियां समर्पित कीं। वैदिक मंत्रों की गूंज, अग्नि कुंड की लपटें और हवन की सुगंध ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यज्ञ में देश और समाज की भलाई के लिए विशेष मंत्रों का उच्चारण किया गया। गोसंवर्धन, प्राकृतिक चिकित्सा, संस्कार निर्माण, और राष्ट्र हित से जुड़े संकल्पों को दोहराया गया। गांव मोहम्मदपुर रोही व झलनिया की सांझी गोशाला में ग्रामीण हर बार श्रीमद्भागवत कथा करवाते है। इस बार गो भक्तों के विशेष आग्रह पर स्वामी राजेंद्रानंद ने कथा की। जिसमें 30 लाख रुपये से अधिक का दान आया। इससे गोशाला के संचालन में अब आसानी होगी।




फतेहाबाद। एमपी रोही गौकथा के समापन पर ग्रामीणों के साथ हवन करते स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज व एमपी रोही गौकथा के समापन पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज। फोटो: हरिभूमि

### गोसेवा से जुडने का संदेश

गोशाला में आयोजित धेनु मानस गो कथा का आयोजन का उद्देश्य गोसवा से आमजन को जोड़ते हुए गोशाला का समृद्ध बनाने का लक्ष्य रहता है। स्वामी राजेंद्रानंद हर साल गोशाला में 40 से 45 गोशालाओं में कथा आयोजन करते हुए आमजन को गो सेवा से जोड़ रहे है। उनकी प्रेरणा से अधिकांश गोभक्त अपने घरों में गाय रखनी भी शुरू कर दी। हवन के समापन पर स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि यह यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्र, संस्कृति और आत्मबल के पुनरुत्थान की ज्वाला है।

### कथा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को किया सम्मानित

कथा में 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 29 बेटियों को सम्मानित किया गया। गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ रही बेटियों को 12वीं में अच्छे अंक लाने पर स्वामी राजेंद्रानंद महाराज, स्कूल के प्रिंसिपल भगवान दत्त, गोशाला समिति के प्रधान सुभाष गोदारा व गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया। गांव के समाजसेवी सुरेंद्र गोदारा ने बताया कि सभी 29 बेटियों ने 12वीं की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त किया। जिसमें से 7 बेटियों के 91 प्रतिशत से अधिक अंक आए।

## सरकारी अस्पताल के क्वार्टर कैम्पस में अव्यवस्था
# कूड़े के ढेर, टूटी दीवारें और खराब स्ट्रीट लाइटें देख भड़के चेयरमैन

स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र ने सीएमओ को फोन कर नाराजगी जताई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में स्वास्थ्य विभाग के क्लास थ्री और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के क्वार्टर कैंपस की हालत बद से बदतर हो चुकी है। कूड़े के ढेर, जर्जर दीवारें, टूटे फर्श और बदहाल शौचालयों ने विभाग में काम कर रहे कर्मचारियों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को फतेहाबाद के स्वास्थ्य विभाग का औचक निरीक्षण किया। कबीर बस्ती रोड पर स्वच्छता अभियान में भागीदारी करने के बाद वे अधिकारियों की टीम के साथ नागरिक अस्पताल के कर्मचारी कैंपस की तरफ चल दिए। जैसे ही वे कैंपस में पहुंचे, चारों ओर फैली गंदगी और अव्यवस्थाएं देखकर दंग रह गए। चेयरमैन ने तुरंत सीएमओ को फोन कर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि कैंपस की सफाई, मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था तत्काल ठीक की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जैसे संवेदनशील स्थान की ये हालत निंदनीय है। सफाई की जिम्मेदारी केवल आम नागरिकों की नहीं, बल्कि सरकारी विभागों की भी है।



फतेहाबाद। कैंपस में रह रहे लोगों से बातचीत करते स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो: हरिभूमि

### मलबे के ढेर तुरंत हटवाने के निर्देश

कैंपस में रह रहे कर्मियों ने भी बताया कि वे लंबे समय से इस गंदगी और बदइंतजामी को झेल रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। चेयरमैन के दौरे के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि हालात में जल्द सुधार होगा। वहीं जब वे कबीर बस्ती रोड पर थे तो महिलाओं ने सडक पर जगह जगह मलबे के ढेर उठाने की गुहार लगाई। चेयरमैन सुभाष चंद्र ने संबंधित अधिकारियों को खाली प्लाट में पड़े कूड़े और सडक किनारे पड़े मलबे के ढेर तुरंत हटवाने के निर्देश दिए, जिसे कुछ देर बाद ही जेसीबी की मदद से हटवा भी दिया गया। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद प्रधान प्रतिनिधि सुभाष खीचड़, नगर परिषद ईओ राजेन्द्र सोनी, नप उप प्रधान प्रतिनिधि बिंटु टुटेजा और जिन्दगी संस्था प्रधान हरदीप सिंह सही कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गन्ने की रेहड़ी पर जाकर सफाई रखने को कहा

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने शुक्रवार की सुबह नागरिक अस्पताल के पास कबीर बस्ती में विशेष सफाई अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान नगरपरिषद के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सोनी तथा बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी व स्थानीय नागरिक शामिल हुए। अभियान की शुरुआत सुबह 7 बजे हुई, जब सुभाष चंद्र स्वयं झाड़ू लेकर सफाई अभियान में सम्मिलित हुए। सफाई अभियान के दौरान सुभाष चंद्र ने एक गन्ने के रस विक्रेता की रेहड़ी पर जाकर सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सडक किनारे खाने-पीने की वस्तुओं की बिक्री करते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे आमजन के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, और बुजुर्गों से अपील की कि वे स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### पीजी स्तर पर एनईपी को किया जाएगा लागू

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक अफेयर्स कार्यालय द्वारा शुक्रवार को विश्वविद्यालय के टैगोर भवन के एक्सटेंशन हाल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सिलेबस को गुणवत्तापरक बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. सुरेश गहलावत द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पीजी स्तर पर 2025-26 से एनईपी को लागू किया जाएगा। बेहतर पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य का निर्माण करता है।

### किसानों से ब्याज लेने का फैसला निंदनीय

सिरसा। राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा व प्रदेशाध्यक्ष लक्खा सिंह अलीकां ने सरकार के इशारे पर पैक्स सोसायटी द्वारा किसानों से जबरन भरवाए जा रहे ब्याज राशि की कड़े शब्दों में निंदा की है और इसे किसान विरोधी निर्णय बताया है। किसान नेताओं ने कहा कि पहले की सरकार में पैक्स द्वारा किसानों का ब्याज समाप्त कर दिया गया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने पिछले साल भी किसानों से जबरन ब्याज राशि भरवाईं। एक तरफ तो किसान हितैषी होने का ढोंग रच रही है और दूसरी तरफ लगातार किसानों के विरूद्ध नीतियां लागू कर प्रताड़ित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### फर्जी कागजात से दूसरे के नाम लिया लोन

फतेहाबाद। रतिया में दम्पति ने एजेंट के साथ मिलकर गांव के ही दम्पति के नाम के फर्जी कागजात तैयार कर लोन ले लिया। दोनों महिलाओं के नाम एक होने का फायदा उठाकर आरोपियों ने लोन लिया। गांव महमड़ा निवासी हेतराम ने कहा है कि उसके गांव के ही गुरप्रीत सिंह पुत्र कुशाल सिंह व पत्नी कुलविन्द्र कौर ने बैंक एजेंट मिल राज उर्फ मिखा के साथ मिलकर उसके व पत्नी कुलविन्द्र कौर के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए और लोन ले लिया।

### मारपीट और तोडफ़ोड़ के मामले में दो गिरफ्तार

फतेहाबाद। पुलिस ने घर में घुसकर तोडफ़ोड़ और मारपीट करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान राजेश पुत्र रमेश और हरप्रीत कुमार पुत्र गुरुसेवक, निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। 14 मई को स्वामी नगर निवासी संजय की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। वह दोस्त विशाल के पास वाली गली में खड़ा था। उसी दौरान राजेश और पितु डंडों सहित वहां पहुंचे मारपीट शुरू कर दी। संजय ने छुड़ाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने अन्य 5-7 युवकों को बुला लिया। वे संजय के घर में घुस कर तोडफ़ोड़ की। संजय फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल से अग्रोहा रेफर किया गया।

### सामाजिक गतिविधियों का विस्तार देना प्राथमिकताः गोयल

सिरसा। अखिल भारतीय सेवा संघ ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए अंडमान निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में शाखा खोली है, जिसके लिए केशव गुप्ता को अध्यक्ष, देवांश कटियार को महासचिव तथा आलोक कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इंद्र गोयल ने बताया कि अंडमान निकोबार में शाखा खोलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह शाखा संघ की सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव गुप्ता ने कहा कि वे संघ कार्यप्रणाली से प्रभावित है।

### लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा और समानता को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्यः सोनिका



सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग सिरसा द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकने व लिंग अनुपात में सुधार करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत सुपरवाइजर सोनिका द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या मंजू कासनियां ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं की छात्रा सलोनी जिन्होंने इस बार बोर्ड की परीक्षा में टॉप किया है वह अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है। कक्षा दसवीं की छात्रा महक ने सुंदर नृत्य की सभी ने सराहना की। सुपरवाइजर सोनिका ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से लिगानुपात में सुधार लाने के उद्देश्य से लागू किया गया है। इसका शुभारंभ 2015 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा और समानता को बढ़ावा देना है। मौके पर गांव के सरपंच, आशा वर्कर एएनएम मौजूद रहे।

## लहरिया में 22 अवैध कनेक्शन काटे

■ जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

जनस्वास्थ्य विभाग ने गांव लहरिया में विशेष अभियान चलाकर पेयजल के 22 अवैध कनेक्शन काटे हैं। अवैध कनेक्शन काटने की कमान विभाग ने बीआरसी राकेश कुमार के नेतृत्व में दो टीमों को दे रखी है। ये टीमें नियमित अंतराल पर अवैध पेयजल कनेक्शनों का पता लगाने के साथ कार्रवाई भी कर रही हैं। खास बात ये है कि जांच के दौरान एक ही मकान में टीम को दो से तीन कनेक्शन मिले है। विभाग ने खाली प्लॉटों में अवैध रूप से किए गए कनेक्शन भी काटे हैं। लहरिया गांव में अवैध पेयजल कनेक्शनों की भरमार बनी हुई है। इसलिए सीएम विंडो में शिकायत भी दी गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। जबकि पीछे कई घरों में अवैध कनेक्शन के माध्यम से सब्जियां लगाई जा रही है। इनसे एक ओर पानी का प्रेशर कम हो रहा है वहीं, विभाग को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लहरिया में अवैध कनेक्शन हटाओ अभियान चलाया। बीआरसी राकेश कुमार ने कहा कि टीम को जांच-पड़ताल के दौरान 22 अवैध कनेक्शन मौके पर चलते हुए मिले। जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए नोटिस भी दिया गया।



भूना। लहरियां गांव में जन स्वास्थ्य विभाग की टीम अवैध कनेक्शन हटाते हुए।

### दो भाइयों के परिवार पर जानलेवा हमला तीन महिलाएं समेत पांच लोग घायल

फतेहाबाद। गांव बड़ोपल के समीप ढाणी में रह रहे दो भाइयों के परिवार पर 9 लोगों ने ईंट-पत्थर, डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाइयों के परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद सहित 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल निवासी जयप्रकाश ने बताया कि वह और उसका छोटा भाई विष्णु भाणा रोड पर खेत में ढाणी बनाकर रह रहे हैं। 14 मई की रात को दोनों भाई अपने-अपने परिवार सहित अपनी-अपनी ढाणी में खाना खाकर हर रोज की तरह सो गए थे। उसके भाई विष्णु की ढाणी में हमारी मां मैना देवी, भाई विष्णु व विष्णु की पत्नी बिमला आंगन में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे के बाद उनके पड़ोसी राधेश्याम, धोलू व हाईफाई तीन-चार अन्य लडक़ों के साथ उसके भाई विष्णु की ढाणी में लोहे की रॉड, कापा, डंडे व ईंट-पत्थर लेकर आए। इन लोगों ने आते ही एकदम चोटें मारना शुरू कर दी। जब मां व भाई ने शोर किया तो छुड़वाने के लिए वह और उसकी पत्नी रनु भी गई। आरोपियों ने उसे व उसकी पत्नी रनु को भी लाठी-डंडों व ईंट पत्थरों से चोटें मारी। गुड्डी व दर्शना ने भी रनु व बिमला के साथ मारपीट की। जयप्रकाश ने बताया कि जब सभी ने जोर-जोर से शोर मचाया तो आरोपी हथियारों सहित मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर उनका पड़ोसी छोटू आया। छोटू ने एम्बुलेंस का प्रबंध करके उन्हें फतेहाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने राधेश्याम, धोलू, हाईफोई, गुड्डी व दर्शना व तीन-चार अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है।

## तहसील काम्पलैक्स में बने पब्लिक टॉयलेट की दयनीय हालत पर जताई चिंता
# सर्व समाज सभा की मासिक बैठक आयोजित, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

सर्व समाज सभा की मासिक बैठक प्रधान रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में सचिव रणधीर सिंह मोलिया के कार्यालय में हुई। इस बैठक में शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार व चर्चा हुई।

बैठक में सर्वप्रथम तो पहलगाम व पाकिस्तान बार्डर पर हुए वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही सभा सदस्यों ने प्रार्थना की कि टेररिस्ट किसी भी देश के हो, उनको सजा अवश्य मिलनी चाहिए और किसी निर्दोष नागरिक का नुकसान न हो। बैठक में सभा सदस्यों ने कहा कि शहर के भूना रोड पर नहर के दोनों पुलों की सुरक्षा दीवार टूट चुकी है और जिसके चलते कोई भी बड़ा हादसा ओर जानमाल का नुकसान हो सकता है।

### शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार व चर्चा

सभा प्रशासन से इसके जल्द से जल्द दरूस्त करवाने की मांग करती है। इसी तरह दूसरी और शहर के बाईपास के दोनों ओर फुटपाथ को भी दुरूस्त किया जाए। बरसात के समय को देखते हुए सभा प्रशासन से मांग करती है कि बरसाती नालों की भी जल्दी से जल्दी सफाई करवाई जाए।

बैठक में सभा सदस्यों ने तहसील काम्पलैक्स में पब्लिक के लिए बने हुए शौचालयों की सफाई व्यवस्था की दयनीय हालत के चलते विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन शौचालयों में न तो नल है, न ही पानी। वाशबेसिन तंबाकू और बीड़ी से भरे पड़े मिलते हैं जिससे लोगों को ओर अधिक परेशानी हो रही है। प्रशासन इन शौचालयों की व्यवस्था का जरूर सुधार करवाए।

बैठक में संरक्षक सतपाल जिंदल, उपप्रधान गुरप्रीत सिंह नैन, कैशियर शेर सिंह भुल्लर, पूर्व प्रधान अजमेर सिंह, पूर्व सचिव बलिंद्र शर्मा, सुशील जैन, राजपाल ग्रोवर, हैप्पी सिंह सेठी, राजेन्द्र मोंगा इकबाल सिंह, विनोद जिंदल, गुरनाम सिंह, हरप्रीत सिंह भुल्लर सहित सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं का तय समय में हो समाधानः उपायुक्त

सिरसा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से स्थायी समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी समाधान शिविर या अन्य माध्यम से आने वाली जन शिकायतों के निवारण के लिए किसी भी प्रकार की देरी न करते हुए तय समय में स्थायी समाधान करें। वे शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सोमवार और वीरवार को आयोजित समाधान शिविर, सीएम विंडो व अन्य माध्यम से आईं शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत जिलावासी एक ही छत के नीचे अपनी विभिन्न प्रकार की समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रख सकता है। ये समाधान शिविर आमजन की समस्या का हल करने के लिए एक सशक्त माध्यम बन रहे हैं। विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंगकरें। यदि शिकायत के मामले में किसी प्रकार के मार्गदर्शन की आवश्यकता है तो तुरंत मांगा जाए ताकि समस्या का समय पर समाधान हो।

### हरिद्वार हंस आश्रम के लिए गेहूं का ट्रक भेजा



फतेहाबाद। शहर के समाजसेवियो ने हरिद्वार हंस आश्रम में एक गेहूं से लदा ट्रक अन्नक्षेत्र के लिए भेजा है। बता दें कि फतेहाबाद के समाजसेवी पिछले 36 सालों से हंस आश्रम में गेहूं भेजकर समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इस अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन 200 के लगभग गरीब व लाचार लोगों को एक समय का भोजन दिया जाता है। इस अवसर पर लक्ष्मीचंद सरदाना, व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू, डॉ. हंस कथूरिया, सुभाष खुराना, ज्ञानचंद उतरेजा, नरेश टीटू तनेजा, धीरज बतरा, पार्षद रवि मैहता, कुलभूषण मुंजाल, एडवोकेट पवन आहुजा, पवन बतरा, जगत रूखाया, दिनेश मदान, जगदीश मैहता, ज्ञानचंद, सतपाल बीसला, सुरेन्द्र बतरा, संजीव गेरा, सुरेन्द्र माजरा, आजाद मित्तल, रविन्द्र ग्रोवर, अजीत सिंह, हरीश आहुजा, साहिल चौधरी, सुरेन्द्र खुराना, विजय बंगा, हनुमान मित्तल, ज्ञान बिलासपुरिया, राजू, रिंकू सहित कई लोग मौजूद रहे।

### भूख हड़ताल पर बैठे नगरपालिका सफाई कर्मचारी

कालांवाली। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले शुक्रवार को नगरपालिका सफाई कर्मचारी एक दिन की क्रमिक भूख हड़ताल पर रहे। धरने के दौरान कालांवाली के एसडीएम सुरेश रविश ने भी मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों के बारे में चर्चा की। सफाई कर्मियों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है व लगातार उनसे वादा खिलाफी कर रही है। जिससे नगर पालिका सफाई कर्मचारी काफी नाराज है। इसी को लेकर वह 1 दिन की कर्मिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं और अगर सरकार द्वारा जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा कालांवाली के प्रधान सिंकदर कुमार, सूरज कुमार, राजेश, कृष्ण कुमार, शिव कुमार, गोवर्धन दास ने बताया कि समान काम समान वेतन लागू करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद, पुरानी पेंशन बहाल करना व सैलरी बढ़ोतरी मांगों को जल्द पूरा करें। कालांवाली में कुल 5 नगरपालिका सफाई कर्मचारी भूख हड़ताल पर है। इसी कड़ी में 20 मई को नगरपालिका कर्मचारी संघ राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने जा रहा है।

### नगरपरिषद कर्मचारियों ने की क्रमिक भूख हड़ताल




फतेहाबाद। सरकार की वायदाखिलाफी और नगरपालिका कर्मचारियों की मांगों की लगातार हो रही अनदेखी से खफा नगरपरिषद कर्मचारियों ने आज क्रमिक भूख हड़ताल की। नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगरपरिषद फतेहाबाद के 11 सफाई कर्मचारी आज नप प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठे। इन कर्मचारियों को संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़, इकाई प्रधान विजय ढाका व इकाई कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति ने माला पहनाकर भूख हड़ताल शुरू करवाई। आज के अनशन की अध्यक्षता कर्मचारी नेता जगदीश चन्द्र ने की। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। अनशन को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। समझौते में मानी गई मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है।

### संवैधानिक ढांचे को मान सरकार ने चोट पहुंचाईः दिग्विजय

सिरसा। जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा और पंजाब के बीच पानी के मुद्दे पर कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संवैधानिक ढांचे को चोट पहुंचाई है। दिग्विजय चौटाला ने जारी बयान में कहा कि उन्होंने देश का कानून ही नहीं देश की अखंडता भी तोड़ी है। यदि पंजाब और हरियाणा पानी को लेकर आपस में लड़ेंगे तो फिर देश की एकता की बात कहां है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हार के बाद से आप पार्टी बौखलाहट में ऐसी बात कर रही है। भारत पाक के बीच उपजे विवाद को लेकर जेजेपी नेता ने कहा कि भारतीय सेनाओं की जांबाजी, वीरता और शहादत को देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि अगर वे नहीं हैं तो देश नहीं है। आज सारा देश उनकी वीरता को सलाम कर रहा है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी को लेकर दिग्विजय ने कहा देश की जिस बेटी ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली पंक्ति में रहकर देश की बात को रखा उस बेटी के बारे में ऐसा कहना सर्वाधिक शर्मनाक है। कांग्रेस और सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्रवाद तथा विकास में भेदभाव करने वालों का जमाना अब चला गया।

### बाइक चोरी की चार गुत्थी सुलझी, बाइक बरामद



सिरसा। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक युवक को गांव कोटली से काबू कर लिया है। सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि 14 मई को फुलकां निवासी गोगी पुत्र राय सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मोटरसाइकिल गांव फूलकां में स्कूल के पास खड़ा करके किसी काम के सिलसिले में चला गया था। पुलिस ने आरोपी को गांव कोटली क्षेत्र से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र संतू राम निवासी गांव कोटली जिला सिरसा के रूप में हुई है। शहर सिरसा व डिंग थाना क्षेत्र से चोरी की तीन अन्य वारदातें का भी खुलासा हुआ है। आरोपी से चार मोटरसाइकिल बरामद की हैं। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे जहां भी मोटरसाइकिल नजर आता है, उसे चोरी कर लेता है और जब मोटरसाइकिल के अंदर पेट्रोल खत्म हो जाता है तो वहीं पर रोककर दूसरे की तलाश शुरू कर देता है।

### अफीम तस्कर के साथी को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। सदर फतेहाबाद पुलिस ने अफीम तस्कर के एक साथी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान साहिल पुत्र देवीलाल निवासी वार्ड नं. 2 भूना के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 14 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए फतेहाबाद पुलिस टीम की एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गांव अहरवां के पास अफीम लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक से पूछताछ और तलाशी ली। उसके कब्जे से एक किलो अफीम बरामद किया गया। युवक की पहचान सुखा राम उर्फ काका पुत्र लाली राम, निवासी गांव शेखुपुर सोतर के रूप में हुई थी। आरोपी ने खुलासा किया कि उसे यह अफीम साहिल नामक व्यक्ति द्वारा सप्लाई की गई थी। पुलिस ने साहिल को गांव नाढोडी से गिरफ्तार कर लिया है।

### टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी सम्मानित



चोपटा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी चौपटा के विद्यार्थी नमन ने हरियाणा सुपर-100 परीक्षा में टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर परचम लहराया। उल्लेखनीय है कि सुपर-100 एक ऐसी परीक्षा है, जिसमें पूरे हरियाणा प्रदेश में चयनित होने वाले 100 विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग व मेडिकल आदि में प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जाती है। यह परीक्षा राजकीय विद्यालयों में पढने वाले छात्र दे सकते हैं। नमन ने सुपर-100 परीक्षा में सिरसा जिले में दूसरा तथा समस्त हरियाणा में सातवां स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य रामेश्वर दास भादू एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थी को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन के प्रधान वेद प्रकाश ने कहा कि अध्यापकों की कड़ी मेहनत, विद्यार्थी की लगन और निष्ठा की बदौलत विद्यार्थी ने कामयाबी का परचम लहराया। इस अवसर पर कुलदीप दलाल, मीनाक्षी, प्रदीप, परवेज हसन, सीताराम, मनोज राघव, दलबीर शर्मा, मीनाक्षी, अनीता, शिखा रानी, राजबीर, रविंद्र, अमित शर्मा व विवेक शर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर चुराई नकदी व आभूषण

**सिरसा।** जिला के गांव कोटली में एक बंद मकान में घुसकर चोर दिन दहाड़े 20 हजार रुपए की नकदी व सोने की बाली चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में महिला पै मी ने बताया कि वह दवा लेने के लिए सिरसा गई थी। घर के कमरे व मेन गेट को ताला लगाकर गई थी। चोरों ने पीछे से घर में घुसकर अलमारी से 20 हजार रुपए की नकदी व एक जोड़ी सोने की बालियां चोरी कर ली।

### अलग-अलग जगह से दो बाइक चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में सुरेंद्र कुमार निवासी केहरवाला ने बताया कि बीती 14 मई को वह किसी काम से संत नगर स्थित एसबीआई बैंक में आया था। बैंक के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। द

### स्कूटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने ई ब्लॉक सिरसा क्षेत्र में स्थित एक घर से हुई स्कूटी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक युवक को चोरीशुदा स्कूटी सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान सोनू पुत्र जगतार सिंह निवासी वैदवाला सिरसा के रूप में हुई। पुलिस ने जसविंद्रपाल पुत्र बलविंद्र सिंह निवासी एडिशनल मंडी ई-ब्लॉक सिरसा की शिकायत पर स्कूटी चोरी का केस दर्ज किया था।

### युवक अवैध पिस्तौल व 6 कारतूस सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सदर थाना सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव वैदवाला क्षेत्र से एक युवक को एक अवैध पिस्तौल व 6 जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान शिव कुमार उर्फ गोलू पुत्र अजीत कुमार निवासी जंडीवाली गली खैरपुर सिरसा के रूप में हुई है।

### पंजीकरण के लिए 19 तक खुला रहेगा पोर्टल

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के महाप्रबंधक अजय दलाल ने बताया कि परिवहन विभाग हरियाणा में वर्ष 2018 में हुई हड़ताल के दौरान काम करने वाले उम्मीदवारों चालक, परिचालक व हेल्पर की भर्ती के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा पंजीकरण के लिए पोर्टल को 19 मई तक खोला गया है।

### महाराजा अग्रसेन अस्पताल का उद्घाटन 19 मई को

**रतिया।** अग्रवाल सभा द्वारा शहर में खोले जा रहे महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हॉस्पिटल का उद्घाटन 19 मई को उत्तर भारत के प्रसिद्ध रियल स्टेट कारोबारी प्रवीण गर्ग करेंगे। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि सभा द्वारा यह अस्पताल मिगलानी अस्पताल वाली पुरानी बिल्डिंग में खोला जा रहा है।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने रतिया के सरकारी अस्पताल के बाहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी रतिया निवासी वरूण सिंगला ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। वापस आने पर उसकी बाइक गायब मिली।

### युवाओं को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज में जिला के निर्देशानुसार शुक्रवार को एक दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस तथा यूथ रैडक्रास वॉलटियर्स को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना था।

## स्ट्रीट लाइट टॉवर में भी कई महीनो से रोशनी गायब

# मॉडल टाउन पार्क पर कब्जा कर लोगों ने लगा ली सब्जियां, कूड़े के लगे ढेर

### पार्क की बदहाली के कारण बुजुर्गों व बच्चों ने यहां आना भी छोड़ा




भूना। मॉडल टाउन पार्क में उगाई हुई सब्जियां व बदहाल मॉडल टाउन का पार्क। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

जनता के बेहतर स्वास्थ्य व सुकून के लिए बनाए गए नगरपालिका का पार्क वार्ड नंबर 14 के मॉडल टाउन में बदहाल स्थिति में पहुंच चुका हैं। पार्क पर बनाई गई चार दिवारी की ईंटे कई जगह से उखाडक़र ले गए। पार्क की जमीन में काफी लोगों ने सब्जियां लगाई हुई हैं और कई लोगों ने अतिक्रमण भी कर लिया है। पार्क में साफ-सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। शाम ढलते ही पार्क में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। नगरपालिका ने पार्क की स्थिति सुधारने के बजाय इनसे मुंह मोड़ दिया है। पूर्व में क्षेत्रवासी कई बार पार्क की स्थिति सुधारने के लिए नगरपालिका से गुहार भी लगा चुके हैं। लेकिन, देखरेख के अभाव में यह पार्क बदहाल हो चुका हैं। बच्चों के खेलने व बुजुर्गों के बैठने के लिए शाम के समय अंधेरे से बचाव के लिए लगाया गया स्ट्रीट लाइट टावर भी कई महीनो से खराब पड़ा है और असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिए हैं। यही नहीं, पार्क में लगाए गए कूड़ेदान भी गायब हो चुके हैं। पार्क की बदहाली के कारण बुजुर्गों व बच्चों ने यहां आना भी छोड़ दिया है। यही नहीं, बदहाली के कारण नगर पालिका के अधिकारियों ने भी सुध लेनी छोड़ दी है।

**लाखों खर्च, नहीं सुधरी स्थिति:** सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, राजेश कुमार,हरपाल सिंह, कुलदीप सिंह आदि ने बताया कि वार्ड नंबर 14 मॉडल टाउन में करोड़ों रुपये की जमीन पार्क के लिए आरक्षित है, मगर कुछ लोगों ने उपरोक्त जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। नगर पालिका के अधिकारियों ने करीब 10 साल पहले 25 लाख रुपये खर्च करके चार दिवारी और स्ट्रीट लाइट टावर लगाकर पार्क की जमीन को कब्जाधारियों के चंगुल से छुड़वा लिया था। पार्क का सौंदर्यकरण कराने के लिए नगर पालिका ने 25 लाख रुपये की धनराशि भी खर्च की थी, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। उक्त धनराशि से पार्क के आसपास दीवार की ईंटे जगह-जगह से उखाड़ ली गई है और पुनः अतिक्रमण हो गया।

#### वार्ड नंबर 14 की हो रही है अनदेखी : पार्षद

नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 के पार्षद प्रकाश कुमार उर्फ पाशु ने बताया कि उसके वार्ड की चेयरपर्सन और अधिकारी अनदेखी कर रहे है। मॉडल टाउन में पार्क और चंदननगर में गलियां बदहाल स्थिति में है। नगर पालिका की प्रत्येक बैठक में उपरोक्त समस्या को लेकर एजेंडे में रखने के लिए प्रस्ताव देते आ रहा है, मगर उनकी रखी हुई समस्या एजेंडा में तो डाल जाती है, मगर उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। शहर के दूसरे कई पार्को पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, मगर उनके वार्ड नंबर 14 के पार्क की अनदेखी की जा रही है, इसलिए पार्क में लोग सब्जियां लगा रहे हैं और कब्जा भी हो रहा है।

#### मामला उनके संज्ञान में नहीं, अब हालात देखेंगे: सचिव

नगर पालिका के सचिव दीपक कुमार ने बताया कि उन्होंने कुछ महीना पहले ही भूना नगर पालिका का कार्यभार संभाला है। वार्ड नंबर 14 के मॉडल टाउन में पार्क की बदहाल स्थिति से संबंधित उनके संज्ञान में कोई शिकायत नहीं आई। अब मौके पर जाकर हालत देखेंगे और पार्क की दशा को सुधारा जाएगा



सिरसा। कुलसचिव डा. राजेश बंसल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते।

# सीडीएलयू के कुलसचिव को दी भावभीनी विदाई

- कार्यकाल पूरा होने पर कर्मचारियों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल तीन साल का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुरेश गहलावत ने की। कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए उन्हें तीन कुलपतियों के साथ कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और भविष्य में भी वे किसी न किसी रूप में विश्वविद्यालय से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे सारी उम्र विद्यार्थी के समान सीखते हुए आगे बढऩे में विश्वास रखते हैं। सीडीएलयू के टीचिंग तथा नॉन टीचिंग कर्मियों में विश्वविद्यालय को नई बुलंदियों पर ले जाने की क्षमता है। उन्होंने विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली को सीखने के साथ साथ उसे बेहतर बनाने के लिए तत्परता से कार्य किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के कार्य के साथ साथ विश्वविद्यालय के सौन्दर्यकरण को बढावा देने के लिए के लिए भी उन्होने समय समय पर पौधा रोपण अभियान विश्वविद्यालय में चलाए । उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के दिशा निर्देशन में अनेक नई शुरूआत हो रही है प्रोफेसर शैलेंदर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में बतौर कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल का विशेष योगदान रहा और विवि परिवार उनका आभारी रहेगा।

# सिरसा में चुनाव का शेड्यल जारी

- जिले में सरपंच पद के चार, पंच के 22 व ब्लॉक समिति के तीन सदस्यों का होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पंचायती राज अधिनियम के तहत सरपंच, पंच और ब्लॉक समिति के रिक्त पदों के लिए आम / उप चुनाव की घोषणा कर दी गई है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार सिरसा में सरपंच पद के चार, पंच के 22 और ब्लॉक समिति के तीन सदस्यों के लिए चुनाव करवाए जाने हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शांतनु शर्मा ने बताया कि मतदान 15 जून को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे की समयावधि में करवाया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार 24 मई से 30 मई तक (25 व 29 मई को अवकाश) नामांकन पत्र दाखिल होंगे। नामांकन पत्र सुबह 10 बजे से सायं तीन बजे तक दाखिल किए जाएंगे, 31 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। दो जून तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे और इसी दिन दोपहर बाद उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे।

15 जून को मतदान के उपरांत मतगणना का कार्य होगा और उसी समय परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सिरसा जिला में रामपुरा बिश्नोइयां, नीमला, गिदड़ांवाली और कंवरपुरा में सरपंच का पद रिक्त है। सिरसा ब्लॉक समिति के वार्ड नंबर दो, 17 और 22 में पद रिक्त हैं। इसी तरह पंच पद के लिए भागसर वार्ड नंबर पांच, रंगा वार्ड नंबर पांच, देसूजोधा वार्ड नंबर एक, दया सिंह थेहड़ वार्ड नंबर 10, मिठनपुरा वार्ड नंबर एक और दस, करीवाला वार्ड नंबर एक, रत्ताखेड़ा वार्ड नंबर पांच, खेड़ी वार्ड नंबर छह, कुम्हारिया वार्ड नंबर आठ, जमाल वार्ड नंबर पांच, रामपुरा ढिल्लो वार्ड नंबर आठ, चाहरवाला वार्ड नंबर दो, अलीमोहम्मद वार्ड नंबर छह, धर्मपुरा वार्ड नंबर आठ, जंडवाला जटान वार्ड नंबर तीन, नुहियांवाली वार्ड नंबर दो, सिंहपुरा वार्ड नंबर एक व छह में उप चुनाव करवाए जाने हैं। इसी तरह दारेवाला में वार्ड नंबर छह, चकराइयां में वार्ड नंबर पांच, थेड़ी बाबा सावन सिंह में वार्ड नंबर दो में पंच पद रिक्त हैं।

# सरपंच और पंचों का उपचुनाव 15 जून को

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले में सरपंच, पंच व पंचायत समिति सदस्यों के खाली पड़े पदों पर 15 जून को उपचुनाव होगा। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग द्वारा शेड्यूल जारी किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर 19 मई को उपचुनाव को लेकर नोटिस जारी करेंगी। इसके अलावा 24 से 30 मई तक नामांकन भरे जा सकेंगे। 25 व 29 मई को छुट्टी रहेगी। 2 जून को नोमिनेशन वापस लिए जा सकेंगे। 15 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी।

#### सरपंच पद में आरक्षण

| | |
|---|---|
| सूलीखेड़ा | एससी पुरुष |
| कात्ताखेड़ी | ओपन |
| कुलां | महिला |
| तामसपुरा | बीसी पुरुष |
| खाई | महिला |
| अहलीसदर | एससी पुरुष |

#### यहां-यहां होगा चुनाव

इसके अलावा गांव बनमंदोरी का वार्ड 3, गांव चाननराम का वार्ड 5, गांव पीलीमंदोरी का वार्ड 12, ढाबी कलां का वार्ड 14, गांव ढिंगसरा का वार्ड 6, भूना ब्लॉक के गांव दहमान के वार्ड 4 व 9, गांव नहला में वार्ड 7 व 14, गांव बैजलपुर का वार्ड 12, ब्लॉक फतेहाबाद के गांव काताखेड़ी के वार्ड 5, बींजा लांबा के वार्ड 8, गांव बनगांव के वार्ड 14, गांव दरियापुर के वार्ड 11, गांव चिंदड़ के वार्ड 1, गांव धांगड़ के वार्ड 4, गांव एमपी रोही के वार्ड 1, ब्लॉक जाखल के गांव लहराथेह के वार्ड 6, गांव म्योंद बेगावाली के वार्ड 3, ब्लॉक नागपुर के गांव खूनन में वार्ड 2 व 10, गांव नखाटिया में वार्ड 1, गांव मढ़ में वार्ड 9, गांव अलालवास में वार्ड 5, ढाणी ईस्सर में वार्ड 10, रतिया ब्लॉक के गांव बुर्ज के वार्ड 4, लाधुवास के वार्ड 7, भरपूर के वार्ड 4, रायपुर के वार्ड 2, महमदकी के वार्ड 6, सरदारेवाला के वार्ड 1, टोहाना ब्लॉक के गांव अमानी के वार्ड 1 व अन्य जगह चुनाव होगा।

# प्रतिबंधित दवाइयों की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में नशीली गोलियों सहित पकड़ा गया युवक।

जिले को नशामुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सीआईए टोहाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पंजाब के एक युवक को सैंकड़ों नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रेलवे रोड, नहर पुल पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि राकेश कुमार उर्फ कालू पुत्र ज्ञान चदं निवासी मूनक, जिला संगरूर, पंजाब नामक युवक नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है और आज भी वह मोटरसाइकिल पर गांव दमकौरा में भाखड़ा नहर पुल पर नशीली गोलियां बेचने के लिए ग्राहकों के इंतजार में खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो भाखड़ा नहर पुल पर एक युवक मोटरसाइकिल के पास खड़ा दिखाई दिया।पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1800 नशीली गोलियां बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेलो इंडिया बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में आदित्य ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में आए दिन नए नए आयाम स्थापित करते आ रहे फतेहाबाद के द्रोणाचार्य बॉक्सिंग एण्ड फिटनेस क्लब ने एक बार फिर खेलो इण्डिया में दमखम दिखाया। द्रोणाचार्य बॉक्सिंग अकैडमी में बॉक्सर आदित्य ने बिहार के पटना में 10 से 14 मई तक आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम में बॉक्सिंग में अपने प्रतिद्वंदियों को भारी भड़त पड़ते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। आदित्य की इस उपलब्धि से अकैडमी में खुशी का माहौल है। ओलंपियन एवं अर्जुन अवॉर्डी डीएसपी जय भगवान, इंटरनेशनल कोच डॉ. राजीव गोदारा, कोच प्रदीप कुमार व प्रवीण कुमार ने आदित्य व उनके माता पिता को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# शहर में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

- तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बीजेपी कार्यालय में हुई बैठक, शाम को कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते भाजपा नेता।

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के ऑप्रेशन सिन्दूर की सफलता और भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करने के लिए 17 मई को बीजेपी द्वारा फतेहाबाद में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर आज बीजेपी जिला कार्यालय में जिले के सभी मंडलों के अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने की। विशेष तौर पर फतेहाबाद के पूर्व विधायक दूड़ाराम, हरियाणा सरकार में चेयरमैन एवं तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक भारत भूषण मिड्ढा व बीजेपी के जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य भी बैठक में मौजूद रहे तथा उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं व आमजन से तिरंगा यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भारतीय सेनाओं के सम्मान तथा हर भारतीय में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से 17 मई को सुबह ९ बजे जवाहर चौक से लेकर लाल बत्ती चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस तिरंगा यात्रा में शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं, सामाजिक गणमान्य लोग व आमजन भी बढ़चढक़र भाग लेंगे।

